प्रादेशिक समाचार
दिनांक–15.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राजधानी रांची सहित राज्यभर में आज होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है, संवेदनशील जगहों पर सुरक्षा के आज भी किए गए है पुख्ता इंतजाम।
2. झारखंड में नगर निकाय चुनाव को लेकर मतदाता सूची के प्रकाशन की तैयारी शुरू, 1 अक्टूबर 2024 के आधार पर होगा चुनाव।
3. झारखंड मुक्ति मोर्चा ने महाधिवेशन की शुरू की तैयारी, बंगाल, ओडिशा, तमिलनाडु, बिहार, असम और छत्तीसगढ़ से करीब तीन हजार छह सौ प्रतिनिधि लेंगे भाग।
4. मौसम विभाग ने आज भी कई जिलों में हीट वेब चलने की जताई संभावना, पांच जिलों में पारा जा सकता है 40 डिग्री सेल्सियस से पार।
5. महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट के फाइनल में आज मुंबई इंडियंस का सामना डेल्ही कैपिटल्स से होगा। मैच मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।

******************

राजधानी रांची सहित राज्य भर में आज होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह त्योहार रंगों, प्रेम और आपसी भाईचारे का प्रतीक है, जो हर साल फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। बिहार झारखंड में होली के त्योहारों का आयोजन सामान्यतः उदया तिथि के अनुसार किया जाता है, और इसी कारण इस वर्ष भी आज होली मनाई जा रही है। इधर होली को लेकर राज्य भर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। रांची में भी सभी चौक–चौराहों पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए सौहार्द से पर्व मनाने की अपील की है।

इधर होली को लेकर साहिबगंज जिले के 147 संवेदनशील जगहों पर 250 सशस्त्र बलों के अलावा 200 होम गार्ड के जवान और दंडाधिकारी को तैनात किया गया है। सदर अस्पताल में 24 घंटे चिकित्सक और स्वास्थ कर्मी अलर्ट पर है। जिले के पुलिस अधीक्षक अमित सिंह ने बताया कि भ्रामक खबर फैलाने वालों पर नजर रखी जा रही है।

******************

झारखंड में नगर निकाय चुनाव एक अक्टूबर 2024 को अर्हता तिथि के आधार पर होगा। भारत निर्वाचन आयोग से मतदाता सूची प्राप्त होने के बाद उसका विखंडन करते हुए जिलों में मतदाता सूची का प्रकाशन किया जा रहा है। इस तिथि तक वैसे सभी मतदाता, जिनके नाम मतदाता सूची में जुड़े हुए हैं, उन्हें मतदान का अधिकार होगा। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिलों में मतदाता सूची के प्रकाशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उस पर आपत्तियां ली जा रही हैं। यह निकाय चुनाव की प्रारंभिक प्रक्रिया है। इसके पूरे होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

******************

झारखंड मुक्ति मोर्चा महाधिवेशन की तैयारी में जुट गया है। रांची के खेल गांव में जेएमएम का महाधिवेशन 14 और 15 अप्रैल को होगा। बंगाल, ओडिशा, तमिलनाडु, बिहार, असम और छत्तीसगढ़ से 3600 प्रतिनिधि महाधिवेशन में भाग लेंगे। गाँडेय विधायक कल्पना सोरेन को संगठन में बड़ी जम्मेवारी मिल सकती है। इसे लेकर महाधिवेशन में प्रस्ताव आ सकता हैं। पार्टी भी चाहती है कि कल्पना सोरेन को बड़ी जिम्मेवारी मिले। झारखंड के बाहर पार्टी को विस्तार देने क भी तैयारी हैं।

******************

आईआईटी आइएसएम धनबाद इस बार लगातार दूसरे साल मिनरल्स एंड माइनिंग इंजीनियरिंग में देश का उत्कृष्ट संस्थान घोषित किया गया है।

******************

आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस है। यह दिवस प्रति वर्ष 15 मार्च को उपभोक्ता अधिकारों और उनकी सुरक्षा बनाए रखने की आवश्यकता याद दिलाने के लिए मनाया जाता है। यह दिन सभी उपभोक्ताओं के मूल अधिकारों को बढ़ावा देने तथा उन अधिकारों का सम्मान और संरक्षण करने के लिए प्रोत्साहित करने का भी अवसर है। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस 2025 का विषय है—सतत जीवन शैली के लिए न्यायोचित परिवर्तन।

******************

सरायकेला—खरसावां जिले के गम्हरिया थाना क्षेत्र के सीतारामपुर डैम के पास अपराधियों ने आदित्यपुर क्षेत्र के कुख्यात ड्रग पेडलर अफसर अली की गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है मृतक अफ़सर अली आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती मे ब्राउन शुगर कारोबारी था।

******************

गिरिडीह जिले के घोडथंबा में होली जुलूस के दौरान कल देर रात दो पक्षों में जमकर पथराव की घटना हुई। जिसमें कई  लोग घायल हो गए। भीड़ ने 3 दुकानो को आग के हवाले कर दिया है। सात मोटरसाइकिल भी आग की चपेट में आ गए। घटना के बाद पहुंची पुलिस ने पूरे इलाके में मार्च कर मामले को शांत कराया।

******************

मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में 17 मार्च तक हीट वेव को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। पांच जिले पलामू, गढ़वा, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला —खरसावां में पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। पिछले 24 घंटे में बहरागोड़ा में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पार हो चुका है।

******************

महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट के फाइनल में आज मुंबई इंडियंस का सामना डेल्ही कैपिटल्स से होगा। मैच मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।

मैग लैनिंग की कप्तानी में डेल्ही कैपिटल्स ने आठ मैच में से पांच मैच जीते हैं। डेल्ही कैपिटल्स ने अंक तालिका में शीर्ष पर रहकर फाइनल में जगह बनाई है। डेल्ही कैपिटल्स का यह लगातार तीसरा फाइनल है। टीम अभी तक चैंपियनशिप नहीं जीत सकी है।

******************

<u>और अब अखबारों के वेबसाइट की सुर्खियां—</u>

रांची से प्रकाशित होने वाले प्रमुख अखबारों की वेबसाइट पर आज मौसम की खबर को प्रमुखता से लिया गया है।

दैनिक भास्कर  लिखता है झारखण्ड के 9 जिलों में आज भी चलेगा लू।

प्रभात खबर की खबर है होली पर राजधानी में सफाई की व्यवस्था रहेगी दुरस्त।

हिंदुस्तान की सुर्खी है गिरिडीह में जुलूस पर पथराव, पुलिस की हुई तैनाती।

और जागरण ने एनएच 343 चौड़ीकरण पर लिखा है— छत्तीसगढ़ से झांरखण्ड का सफर होगा आसान।

**************